बी एच ई एल
BHEL

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
Bharat Heavy Electricals Ltd.
(भारत सरकार का उपक्रम / A Government of India Undertaking)
CIN: L74899DL1964GOI004281
(रानीपुर, हरिद्वार – 249403, (उत्तराखण्ड), भारत
Ranipur, Haridwar – 249403, (Uttarakhand), INDIA

दिनांक: 03.07.2026

बीएचईएल के स्वामित्वाधीन (Proprietary) दस्तावेजों के अनधिकृत उपयोग के संबंध में परामर्श

यह बीएचईएल के संज्ञान में आया है कि कुछ आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार अन्य ग्राहकों हेतु निविदाएँ/कोटेशन तैयार करते समय **बीएचईएल हरिद्वार** के स्वामित्वाधीन ड्रॉइंग, तकनीकी विनिर्देश, अभियांत्रिकी दस्तावेज तथा अन्य गोपनीय सूचनाओं का उपयोग कर रहे हैं।

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी द्वारा साझा की गई सभी ड्रॉइंग/डिज़ाइन, विनिर्देश, तकनीकी दस्तावेज, प्रक्रिया संबंधी विवरण तथा अन्य कोई भी सूचना कंपनी की विशिष्ट बौद्धिक संपदा हैं तथा इन्हें केवल बीएचईएल द्वारा प्रदत्त संबंधित क्रय आदेश अथवा अनुबंध के निष्पादन के उद्देश्य से उपलब्ध कराया जाता है।

उक्त सूचनाओं का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्य के लिए ही किया जाएगा तथा किसी भी परिस्थिति में, प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से, किसी अन्य निविदा, कोटेशन अथवा किसी अन्य वाणिज्यिक गतिविधि में इनका उपयोग नहीं किया जाएगा। बीएचईएल की स्वामित्वाधीन अथवा गोपनीय सूचनाओं का किसी भी प्रकार का अनधिकृत उपयोग अथवा प्रकटीकरण पूर्णतः निषिद्ध है।

सभी आपूर्तिकर्ताओं एवं ठेकेदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे बीएचईएल के साथ निष्पादित **गोपनीयता प्रकटीकरण निषेध अनुबंध (Non-Disclosure Agreement - NDA)** अथवा **फ्रेमवर्क-सह-गोपनीयता अनुबंध (Framework-cum-Confidentiality Agreement - FCA)** के अंतर्गत निर्धारित गोपनीयता संबंधी दायित्वों का पूर्णतः पालन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि बीएचईएल की स्वामित्वाधीन जानकारी का उपयोग केवल उसी उद्देश्य के लिए किया जाए जिसके लिए उसे साझा किया गया है।

यदि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति होती है अथवा गोपनीयता संबंधी इन दायित्वों का उल्लंघन किया जाता है, तो बीएचईएल कंपनी के हितों की रक्षा हेतु उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा, जिसमें निम्नलिखित कार्यवाहियाँ सम्मिलित हो सकती हैं, किन्तु केवल इन्हीं तक सीमित नहीं होंगी–

1. बीएचईएल की भावी पूछताछों (Enquiries) एवं निविदाओं (Tenders) में भाग लेने से निलंबन अथवा प्रतिबंध।
2. ऐसे अनधिकृत कृत्यों के कारण बीएचईएल को हुई हानि एवं क्षति की वसूली।
3. लागू विधिक प्रावधानों एवं संविदात्मक शर्तों के अनुसार उपयुक्त विधिक कार्यवाही प्रारंभ करना।

आपसे अनुरोध है कि इस संप्रेषण को एक औपचारिक परामर्श के रूप में स्वीकार करें तथा बीएचईएल की स्वामित्वाधीन एवं गोपनीय सूचनाओं की सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानी एवं उत्तरदायित्व का पालन सुनिश्चित करें।

बीएचईएल आपसे अपेक्षा करता है कि आप सत्यनिष्ठा एवं गोपनीयता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में अपना सतत सहयोग प्रदान करेंगे।

सामग्री प्रबंधन विभाग
बीएचईएल, हरिद्वार